# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–24 जून 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति के बारे में कड़ा वैश्विक संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि आज का भारत देश हित में कडे फैसले लेता है।

*दुनिया ने यह भी देखा है कि भारत का सामर्थ्य क्या है। ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की कठोर नीति को दुनिया के सामने एकदम स्पष्ट कर दिया है। हमने दिखा दिया है कि भारतीयों का खून बहने वाले आतंकियों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं है।*

श्री मोदी ने देश के दो महान आध्यात्मिक और नैतिक व्यक्तित्वों श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच हुए ऐतिहासिक संवाद पर आज नई दिल्ली में आयोजित शताब्दी समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री नारायण गुरु के आदर्श मानवता के लिए अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने श्री नारायण गुरु को देश और समाज की सेवा में लगे हुए लोगों के लिए प्रकाश की किरण बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक शताब्दी पहले शिवगिरी मठ में श्री नारायण गुरु तथा महात्मा गांधी के बीच हुए ऐतिहासिक वार्तालाप ने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी और विकसित भारत की दिशा में राष्ट्र को प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि यह प्रेरणा राष्ट्र को सबका साथ, सबका विकास के मार्ग पर आगे बढ़ा रही है।

**********

गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आज वाराणसी जिले में मध्य क्षेत्रीय परिषद की पचीसवीं बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित इन सभी प्रदेशों के कई मंत्री और अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान राज्यों के बीच समन्वय, विकास के विभिन्न आयाम, सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। बैठक स्थल पर जीआई उत्पादों की भी प्रदर्शनी लगाई गई।

बैठक के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सहकारी और प्रतिस्पर्धी संघवाद को देश के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम बताया है। इसी क्रम में क्षेत्रीय परिषद की बैठक में सहभाग किया गया।

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज नोएडा में एमिटी विश्वविद्यालय के एक शैक्षणिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने अपने सम्बोधन में उच्च शिक्षा से लेकर प्राथमिक शिक्षा तक की चुनौतियों पर गम्भीर चर्चा की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि बच्चों की हर समस्या को सुनना और उसका समाधान सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। गांवों की बेटियों की शिक्षा का चर्चा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि बहुत से माता–पिता अपनी बच्चियों को स्कूल भेजने के लिये तैयार नहीं होते हैं। यह गम्भीर चिन्ता का विषय है। बच्चियों को स्कूल भेजने के लिये ऐसे माता–पिता की काउंसिलिंग की जानी चाहिए। युवाओं का आह्वान करते हुए आनंदीबेन ने कहा कि वह समाज की समस्याओं को समझें और बदलाव के लिये पहल करते हुए अपनी जिम्मेदारी निभायें।

**********

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने आज अयोध्या पहुंच कर श्रीराम लला का दर्शन पूजन किया। इस दौरान सर्किट हाउस पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने उनका स्वागत किया । उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

**********

कल पूरे देश में संविधान हत्या दिवस मनाया जाएगा। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

*पिछले साल सरकार ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में घोषित किया था, ताकि आपातकाल के दौरान सत्ता के घोर दुरुपयोग के खिलाफ लड़ने वाले सभी लोगों के महान योगदान को याद किया जा सके और भारत के लोगों को भविष्य में सत्ता के ऐसे घोर दुरुपयोग का समर्थन न करने के लिए प्रतिबद्ध किया जा सके। 25 जून 1975 को एक तानाशाही मानसिकता दिखाते हुए तत्कालीन सरकार ने 18 महीने के लिए देश पर आपातकाल थोप दिया था। लाखों लोगों को बिना किसी गलती के सलाखों के पीछे डाल दिया गया और मीडिया की आवाज को खामोश कर दिया गया। संविधान हत्या दिवस का उद्देश्य उन लाखों लोगों की भावना को सम्मान करना है, जिन्होंने एक दमनकारी सरकार के हाथों अकथनीय उत्पीड़न का सामना करने के बावजूद, लोकतंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए संघर्ष किया। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

**********

प्रदेश के अधिकांश जिलों में रूक–रूक कर गरज–चमक के साथ वर्षा का सिलसिला जारी है। प्रदेश के सभी पूर्वी जिलों में बादल छाये हुए हैं। वर्षा के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है।

**********